"आज़ादी बचाओ आंदोलन" पर विद्यार्थियों का प्रदर्शन

1013. **श्री अनन्तराम जायसवाल :**
श्री सत्य प्रकाश मालवीय :
श्री दिग्विजय सिंह :

क्या **सूचना और प्रसारण** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि बड़ी संख्या में दिल्ली में दिल्ली के छात्र एवं छात्राओं ने "आजादी बचाओ आंदोलन' के तहत 9 अगस्त, 1994 को मंडी हाउस, नई दिल्ली स्थित दूरदर्शन मुख्यालय के सामने प्रदर्शन किया था तथा दूरदर्शन के निदेशक को एक ज्ञापन दिया ;

(ख) यदि हां, तो ज्ञापन में क्या-क्या मांगें रखी गई थीं ; और

(ग) क्या सरकार ने प्रत्येक मांग के संबंध में पृथक-पृथक कोई कार्यवाही की ; यदि हां, तो क्या कार्यवाही की गई और यदि नहीं, तो इसके क्या कारण है ?

सूचना और प्रसारण मंत्रालय के राज्य मंत्री (श्री के० पी० सिंह देव) : (क) जी नहीं।

(ख) और (ग) प्रश्न नहीं उठते।

प्रसारण सेवा हेतु निजी क्षेत्र को लिमिटेड कंपनी

1014. **श्री अनन्तराम जायसवाल :**
श्री दिग्विजय सिंह :
श्री सत्य प्रकाश मालवीय :

क्या **सूचना और प्रसारण** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार ने प्रसारण सेवा हेतु निजी क्षेत्र में एक लिमिटेड कम्पनी की स्थापना करने का निर्णय किया है ;

(ख) यदि हां, तो उक्त कंपनी का ब्यौरा क्या है और इसके कार्य क्या-क्या होंगे ;

(ग) क्या उक्त कंपनी की स्थापना पूर्णत: निजी स्वामित्व के आधार पर की जाएगी और उसकी स्थापना प्रबंध तथा प्रशासनिक नियंत्रण हेतु उसमें सरकार की भागीदारी होगी एवं इसे स्थापित करने में कुल कितना व्यय आयेगा तथा इसमें कितना समय लगने की संभावना है ; और

(घ) यदि सरकार इसमें किसी भी प्रकार से सम्मिलित होती है, तो सरकार की क्या भूमिका होगी ?

सूचना और प्रसारण मंत्रालय के राज्य मंत्री (श्री के० पी० सिंह देव) : (क) जी, नहीं।

(ख) से (ग) प्रश्न नहीं उठते।

Increasing the number of Doordarshan channels

1015. SHRI RAMDAS AGARWAL : Will the Minister of INFORMATION AND BROADCASTING be pleased to state :

(a) whether it is a fact that Doordarshan is striving hard to raise its capacity from 15 to 60 channels; if so, by when ;

(b) whether Doordarshan has signed agreements or likely to seek coopera ion from outside sources for Software and "information super highway technology" ; if so, the details thereof; and

(c) what progress has been made in this direction to make its suitable for Indian needs ?

THE MINISTER OF STATE OF THE MINISTRY OF INFORMATION AND BROADCASTING (SHRI K. P. SINGH DEO) : (a) Doordarshan is exploring the possibility of using the digital compression technology as a Pilot Project to increase its channel capacity beyond its existing thirteen channels to sixty cannels. No firm date can be indicated for accomplishing this task.